मेट्रो के कारण नहीं डूबेगी मुंबई

कॉरपोरेशन ने की पूरी तैयारी

मुंबई, का.सं. शहर में जगह - जगह किए जा रहे मेट्रो के कार्यों के कारण मुंबईकरों को होने वाली असुविधा टालने के लिए मेट्रो कॉरपोरेशन ने कमर कस ली है. बुधवार को मेट्रो -3 के सभी इंजीनियरों और ठेकेदारों को मानसून के दौरान उपाय योजनाओं को लेकर दिशा निर्देश दिए गए हैं. मेट्रो की तरफ से मुंबईकरों को आश्वस्त किया गया है कि उसके द्वारा की जाने वाली उपाय योजनाओं के कारण मुंबई में पानी नहीं जमा होगा.

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन अभियंताओं की बैठक

मुंबई मेट्रो -3 के सभी पैकेज अधिकारी ,मुंबई मनपा के इंजीनियरों ने संयुक्त रुप से मेट्रो निर्माण स्थलों का दौरा किया. मानूसन से पूर्व किए जाने वाले कार्यों का मसौदा तैयार किया गया है. मसौदे के अनुरुप कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन की शुरूआत बीएमसी अधिकारियों की देख-रेख में मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के इंजिनियरों ने की है. एमएमआरसीए की प्रबंधकीय संचालिका अश्विन भिडे ने बताया कि मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन मुंबई शहर के लिए एक महत्वूपर्ण यातायात व्यवस्था देने के लिए अग्रसर है. मानसून के दौरान यातायात में कोई रुकावट पैदा न हो इसके लिए सभी विभागों में आपातकालीन उपकरण और वाहन तैयार रहेंगे. जिसके कारण यातायात अथवा पानी जमा होने की कोई समस्या नहीं होगी. मानसून के दौरान विद्युतीय संचार व्यवस्था बहाल रखने के लिए दूसरी एंजेंसियों के संपर्क में रहेंगे. दो इंजीनियर 24 घंटे पर्यवेक्षक की भूमिका में प्रत्येक निर्माण स्थल तैनात रखे जाएंगे.